SACRED HEART CMI PUBLIC SCHOOL,THEVARA 2019-20

REVISION WORKSHEET

Hindi

CLASS V   MAX MARKS 10

WORKSHEET 2

I दिए गए अनुच्छेद पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :-,

जो लोग देर तक टी वी देखते है और खेल से दूर रहते है ,उनके स्वाभाव में चिड़चिड़ापन आ जाता है। लेकिन जो खेल -कूद और सैर करने की आदत डाल लेते है ,उनके चेहरे पर हमेशा नूर और प्रसन्नता नज़र आती है। बड़े -बड़े डॉक्टर और वैज्ञानिक भी यह बात कहते है कि जो व्यक्ति रोज़ खेलते व सैर करते है ,उन्हें कोई बीमारी नहीं हो सकती जिस तरह पढ़ना हमारे लिए ज़रूरी है ,उसी तरह खेलना भी हमारे लिए ज़रूरी है। क्योंकि सेहत अच्छी रहेगी तभी हम कोई काम ठीक तरह से कर सकते है कोई भी काम शारीरिक हो या दिमागी बिना अच्छी सेहत के हम ठीक तरह से नहीं कर सकते है।

1 बड़े-बड़े डॉक्टरऔर वैज्ञानिक क्या कहते है ? (2)

2 पढ़ने के साथ -साथऔर क्या ज़रूरी है? (1)

3 कोई भी काम हम ठीक तरह से कब कर सकते है ? (2)

II हमारे जीवन में परिश्रम का बहुत महत्त्व है। मनुष्य मेहनत के बल पर ही जीवन में उन्नति कर सकता है। परिश्रम के बल पर ही मनुष्य चाँद तक पहुँच

पाया है। परिश्रम से हर व्यक्ति अपनी इच्छा पूरी कर सकता है। संसार का प्रत्येक काम परिश्रम और अभ्यास से हो सकता है। छोटी -सी चींटी भी मेहनत से अपने लिए भोजन जुड़ाती है.प्रकृति भी हमें परिश्रम करने की सीख देती है। परिश्रम से ही सब काम पूरे होते है .इस प्रकार कह सकते है -परिश्रम सफलता की कुंजी है।

1 मनुष्य के जीवन में किसका महत्त्व है ? (5)

2 प्रकृति हमें क्या करना सिखाती है ?

3 दिए गए शब्दों के समानार्थ गद्यांश से ढूंढ़कर लिखो _-विश्व कामना

4 दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो- जीवन सफलता

5 गद्यांश का उचित शीर्षक लिखो ?